CS (MAIN) Exam : 2017

STH–D–PBAD

# लोक प्रशासन (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# PUBLIC ADMINISTRATION (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* ''सांविधानिकता भारत में प्रशासनिक इमारत का मूलाधार है।'' विवेचना कीजिए।

"Constitutionalism is the foundation of the administrative edifice in India." Discuss.

*(b)* ''मंत्रिमण्डल सचिवालय की प्रतिष्ठा और कार्यकरण का प्रधानमंत्री के कार्यालय (पी० एम० ओ०) से कड़ी चुनौती का सामना होता है।'' इस दृढ़कथन के पक्ष और विपक्ष दोनों पर तर्क दीजिए।

"The status and functioning of the Cabinet Secretariat face a stiff challenge from the Prime Minister's Office (PMO)." Argue both in favour and against the contention.

*(c)* ''निर्वाचित प्रतिनिधियों के क्षमता-निर्माण की कमी के कारण स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की प्रभाविता बाधित होती है।'' विस्तार से समझाइए।

"Effectiveness of local self-government institutions is hampered due to the lack of capacity building of the elected representatives." Elaborate.

*(d)* ''भारत में सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों (पी० एस० यू०) को निजी उद्यमों और बहु-राष्ट्रीय निगमों (एम० एन० सी०) से कठिन प्रतियोगिता का सामना करना पड़ता है।'' समझाइए।

"Public Sector Undertakings (PSUs) in India face tough competition from the private enterprises and Multi-National Corporations (MNCs)." Explain.

*(e)* क्या आपके विचार में 'अखिल भारतीय न्यायिक सेवा (ए० आइ० जे० एस०)' नागरिकों को समय पर न्याय उपलब्ध कराने में योगदान करेगी? अपने कथन के पक्ष में तर्क दीजिए।

Do you think that 'All India Judicial Service (AIJS)' would contribute to timely delivery of justice to the citizens? Argue your case.

**2.** *(a)* ''बाज़ार सुधारों ने भारत के संविधान के आधारिक स्वरूप का अतिक्रमण नहीं किया है, किन्तु सामाजिक और आर्थिक न्याय के आदर्शों की प्राप्ति को अधिकांशतः शिथिल कर दिया है।'' टिप्पणी कीजिए।

"The market reforms have not infringed the basic structure of the Constitution of India, but have largely compromised the realisation of the ideals of social and economic justice." Comment. 20

*(b)* ''सिविल सेवाओं में पार्श्विक प्रवेश का विचार भारतीय प्रशासन में ऊर्जा का संचार करेगा।'' इसके क्या-क्या संभव लाभ और परिसीमाएँ हैं?

"The idea of lateral entry into the Civil Services would energise Indian administration." What are its possible advantages and limitations? 20

(c) ''अग्रलक्षी शासन और ठीक समय पर कार्यान्वयन (प्रगति) संघ सरकार की एक नवाचारी परियोजना है।'' इसके अभिलक्षणों और कार्य-रीतियों की विवेचना कीजिए।

"Pro-Active Governance And Timely Implementation (PRAGATI) is an innovative project of the Union Government." Discuss its features and modalities. 10

3. (a) ''दबंग मुख्यमंत्री की उपस्थिति में, राज्य में मंत्रिपरिषद् की स्थिति घटकर सचिवों के एक निकाय की हो जाती है।'' उदाहरणों सहित समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

"The position of the Council of Ministers in a State is reduced to that of a body of secretaries in the presence of a domineering Chief Minister." Critically analyse with examples. 20

(b) ''लोक सेवाओं का भारतीयकरण एक धीमा किन्तु अविरत प्रक्रम है।'' समझाइए।

"Indianisation of Public Services is a slow but steady process." Explain. 20

(c) ''भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण, ज़िला प्रशासन की पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए एक आवश्यक, परंतु अपर्याप्त पूर्व-शर्त है।'' स्पष्ट कीजिए।

"Digitalisation of land records is a necessary but not sufficient precondition for ensuring transparent district administration." Explain. 10

4. (a) ''अधिकारीतंत्र को पर्यावरणीय संधारणीयता की आवश्यकता और विकासी अनिवार्यताओं के बीच एक सन्तुलन बनाना होता है।'' विवेचना कीजिए।

"Bureaucracy has to make a balance between the need for environmental sustainability and developmental imperatives." Discuss. 20

(b) ''मुख्य सचिव को प्रायः मुख्यमंत्री का वैकल्पिक व्यक्तित्व (ऑल्टर ईगो) कहा जाता है।'' राज्य प्रशासन में उनके सम्बन्धों की गत्यात्मकता पर, उदाहरणों के साथ, चर्चा कीजिए।

"The Chief Secretary is often termed as the alter ego of the Chief Minister." Discuss, with examples, the dynamics of their relationships in State administration. 20

(c) ''भारत में ज़िला नियोजन समिति (डी० पी० सी०) स्थानीय स्वशासन की क्रियाविधि की कमज़ोरतम संरचना रही है।'' उदाहरणों सहित विश्लेषण कीजिए।

"District Planning Committee (DPC) has been the weakest structure in the local self-government mechanism in India." Analyse with examples. 10

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* ''ग्राम सभा की संस्था का प्रत्यक्ष लोकतंत्र की गाँधीवादी भावना के साथ बहुत कम सम्बन्ध है।'' समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

"The institution of Gram Sabha has very little connection with the Gandhian spirit of direct democracy." Critically examine.

*(b)* ''भारत में प्रभावी अभिशासन को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारीतंत्र में तकनीकी विशेषज्ञों को अधिक सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता है।'' क्या आप सहमत हैं? विस्तार से समझाइए।

"There is a need for greater inclusion of technocrats in bureaucracy to ensure effective governance in India." Do you agree? Elucidate.

*(c)* ''लोक सेवकों को अपनी शिकायतों की मीडिया में चर्चा करने से बचना चाहिए।'' इस संदर्भ में, भारत में लोक सेवकों को उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्र की विवेचना कीजिए।

"Civil Servants should avoid airing grievances in the media." In this context, discuss the grievance redressal mechanism available to the Civil Servants in India.

*(d)* क्या आपके विचार में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा पारित लोक सेवा गारन्टी अधिनियम, नागरिक चार्टरों का एक विस्तार है? कारण बताइए।

Do you think that the Public Service Guarantee Acts passed by various State Governments are an extension of the Citizen Charters? Give reasons.

*(e)* ''लेखा महानियंत्रक (सी० जी० ए०) के पद से भारत में लोक वित्त प्रबन्धन को सशक्त बनाने की अपेक्षा की जाती है।'' इसके अधिदेश की विवेचना कीजिए।

"The Office of the Controller General of Accounts (CGA) is expected to strengthen public financial management in India." Discuss its mandate.

6. (a) ''लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार सुशासन पहलों को प्रोत्साहित करते हैं।'' इस संदर्भ में, लोक सेवकों के द्वारा कुछ ऐसी पहलों की विवेचना कीजिए।

"The Prime Minister's Awards for Excellence in Public Administration encourage good governance initiatives." Discuss some such initiatives by the Civil Servants in this context. 20

(b) ''वस्तु एवं सेवा कर (जी० एस० टी०) के क्रियान्वयन ने केन्द्र-राज्य सम्बन्धों में वित्तीयतः एवं राजनीतिकतः दोनों में प्रतिमान परिवर्तन किया है।'' उदाहरणों सहित विश्लेषण कीजिए।

"Implementation of Goods and Services Tax (GST) has led to a paradigm shift in the Centre-State relations, both financially and politically." Analyse with examples. 20

(c) ''सूचना के अधिकार (आर० टी० आइ०) ने अपनी यात्रा तो शुरू की है, किन्तु यह अपनी मंजिल से बहुत दूर है।'' टिप्पणी कीजिए।

"The Right to Information (RTI) has started its journey but is far from its destination." Comment. 10

7. (a) ''आपदा तैयारी और प्रबन्धन भारत में ज़िला प्रशासन का एक महत्त्वपूर्ण घटक बन गया है।'' उपयुक्त उदाहरणों सहित विवेचना कीजिए।

"Disaster preparedness and management has become an important component of district administration in India." Discuss with suitable illustrations. 20

(b) वर्तमान आन्तरिक परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए, क्या 'कानून और व्यवस्था' को भारत के संविधान की समवर्ती सूची का एक हिस्सा बना दिया जाना चाहिए? अपनी राय को तर्कसहित प्रस्तुत कीजिए।

In view of the contemporary internal scenario should 'law and order' be made a part of the Concurrent List of the Constitution of India? Justify your opinion. 20

(c) ''यदि भारतीय पुलिस की संरचना और अभिविन्यासों में आमूलतः रूपान्तरण ला दिए जाएँ, तो उसकी छवि में सुधार लाया जा सकता है।'' क्या आप सहमत हैं? विस्तार से समझाइए।

"The image of Indian Police can be improved if its structure and orientations are transformed radically." Do you agree? Elaborate. 10

**8.** *(a)* राज्य और बाज़ारी बलों के बीच माध्यस्थम् अभिकर्ताओं के रूप में विनियामक आयोगों के समक्ष उभरती चुनौतियों की उपयुक्त उदाहरणों सहित विवेचना कीजिए।

Discuss, with suitable examples, the emerging challenges faced by the Regulatory Commissions as the arbitrating agents between the State and the market forces. 20

*(b)* ''भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए संस्थागत यांत्रिकत्वों और विधिक प्रावधानों के सम्बन्ध में 'कार्य न करने की नीति' भारतीय प्रशासन का एक अभिलक्षण है।'' समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

"The 'policy of non-action' regarding the institutional mechanisms and legal provisions to eradicate corruption is a feature of Indian administration." Critically examine. 20

*(c)* ''द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (ए० आर० सी०) समनुषंगिता के सिद्धान्त के लिए एक दृढ़ पक्ष रखता है।'' विस्तार से समझाइए।

"The Second Administrative Reforms Commission (ARC) makes a strong case for the principle of subsidiarity." Elaborate. 10

★ ★ ★